हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .6 डिग्री

12 2.80 करोड़ रुपये की ठगी के मामले की जांच पूरी



12 महापुरुषों का अपमान करने वालों के खिलाफ बने कानून



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीआईए वन के प्रभारी वीरेंद्र वालिया ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ इंडस्ट्रियल एरिया में घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर रामकुमार, मक्खन सिंह, जगीर, अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान छोटा लापरा निवासी मोबिन उर्फ काला के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### रेलवे स्टेशन पर निजी कुली रखने का विरोध

**अंबाला।** पश्चिम रेलवे में निजी कंपनी के माध्यम से चलाए जा रहे कुली माय एप और प्राइवेट कुली रखने की कार्रवाई पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में एक मांग पत्र अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुलियों ने स्टेशन अधीक्षक को दिया। यह ज्ञापन राष्ट्रीय मांग दिवस के तहत कुलियों की समस्याओं को लेकर दिया गया। इस दौरान अपनी आवाज बुलंद करने के लिए कुलियों ने प्रदर्शन किया। रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुली मुकेश, मोनू, मंगल सिंह ने बताया कि पश्चिम रेलवे द्वारा निजी कंपनी के माध्यम से कुली रखने की प्रक्रिया चल रही है जो सरासर गलत है। अगर एक जगह ये कार्रवाई होगी तो फिर पूरे देश में ही सभी प्राइवेट कुली काम करने लगेंगे। ऐसे में उनकी रोजी-रोटी के लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने इस कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की।

### ई रिक्शा चालक से लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने ई रिक्शा चालक से लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नाबालिग है। जबकि दो अन्य की पहचान प्रिंस निवासी मुलतान कालोनी उझा रोड, कुनाल निवासी हरिगढ़ जीन्द के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने जानकारी देते हुए बताया कि ई रिक्शा लूट की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में रोहित निवासी भारत नगर नजदीक शिव मंदिर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**समालखा।** थाना समालखा पुलिस ने झोपड़ी में आग लगा पत्नी मोहसिन की जलाकर हत्या करने के आरोपी इसके पति सारून निवासी शाहपुर सहारनपुर यूपी को चुलकाना गांव से गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने मोहसिन की कथित हत्या के मामले की जानकारी लेने के लिए पुलिस ने सारून को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, थाना समालखा प्रभारी दीपक ने बताया कि इस मामले में इलियास निवासी कुंडा सहारनपुर यूपी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दो बाइकों की टक्कर में घायल व्यक्ति की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली के पास दो बाइकों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए आदरीश निवासी गांव बापौली की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद आदरीश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और गांव सिवाह निवासी मृतक के समधी सवीरा की शिकायत पर हादसे के आरोपी दूसरी बाइक के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने बेरिकैड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका

### सीपीएलओ कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

- सीएम के प्रतिनिधि को कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, पांच कर्मचारी सोमवार को चंडीगढ़ में मिलेंगे सीएम सैनी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कटोरा लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

पंचायत विभाग में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर (सीपीएलओ) ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आप्रेटर रविवार सुबह देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए।

देवीलाल पार्क से जब कर्मचारी सीएम हाउस की ओर जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें सेक्टर 2 पेट्रोल पंप के सामने रोक लिया। पुलिस ने कर्मचारियों को आगे न बढने के लिए थ्री लेयर सुरक्षा लगा दी। कर्मचारियों को मजबूरन वहीं रुकना पड़ा। कर्मचारियों ने भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे सडक़ पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारी मांग कर रहे थे कि सरकार उनकी मांगें मानें। उनका मानदेय 6000 से बढाया जाए और टेक्नीकल दर्जा दिया जाए। हालांकि पुलिस ने दो बार सीएम कार्यालय के प्रतिनिधि कैलाश सैनी से बातचीत कराने का प्रयास किया, लेकिन आंदोलनरत कर्मचारी बड़े अधिकारी के आने की मांग पर अड़े रहे। जिसके चलते कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन चलता रहा।देवीलाल पार्क से जब कर्मचारी सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले तो पुलिस ने पेट्रोल पंप के पास बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक लिया। पुलिस के हस्तक्षेप के कारण कर्मचारियों में रोष पनप गया और कर्मचारी अर्धनग्न होकर वहीं पर ही धरने पर बैठ गए। नेगेटिव मार्क के कारण कंप्यूटर साइस लेवल पास करने के बावजूद भी सरकार उन्हें उचित सम्मान नहीं दे रही है। उनका मानदेय मजदूरों से भी कम है। कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें गुरप सी टैक्नीकल का दर्जा देने के साथ साथ उनका मानदेय भी बढ़ाया जाए।

### कर्मचारी किसी अधिकारी से बात कराने पर अड़े रहे

धरना-प्रदर्शन पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से ना तो उन्हें माइक से बोलने की अनुमति दी गई और ना ही उन्हें पीने का पानी मुहैया कराया गया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें जो पानी उपलब्ध कराया, वह खराब टंकी का पानी था। प्रदर्शनकारियों से मिलने प्रशासनिक अधिकारी और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन सीपीएलओ मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग पर अड़े रहे। बाद में कर्मचारियों को मनाया गया। कर्मचारियों ने सीएम प्रतिनिधि कैलाश सैनी को मांग पत्र सौंपा और पांच कर्मचारी सीएम नायब सैनी से चंडीगढ़ में मिलने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। राज्य प्रधान विजय चौहान ने कहा कि उनसे दो विभागों का काम लिया जा रहा है, लेकिन मात्र छह हजार रुपये मासिक वेतन देकर उनका अपमान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा और भूख हड़ताल भी की जाएगी।

**कटोरा लेकर मांगी भीख**

भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर कटोरा हाथ में लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारी मांग कर रहे थे कि उन्हें जो मानदेय दिया जा रहा है, बहुत कम है, जिसके कारण उनके परिवार का गुजारा नहीं होता। कम मानदेय मिलने के कारण कई कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं। कर्मचारियों ने कटोरा हाथ में लेकर भीख मांगी और मुख्यमंत्री से भी भीख मांगी कि उन्हें उनका हक दिया जाए।

## कुलपतियों का सम्मेलन आज राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

- एनसीटीई, एचएसएचईसी व केयू के संयुक्त तत्वावधान में 300 से अधिक प्रतिनिधि लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय बंडारू दत्तात्रेय प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि उत्तर भारत के अलग-अलग राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के निदेशक एवं कुलपति इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्य ब्रह्मसरोवर पर आयोजित होने वाली आरती में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन समानतर रूप से दो सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें बीएड तथा एमएड के कोर्सिज संबंधित बौद्धिक मंथन होगा। बैठक में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, कार्यक्रम के संयोजक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रो. संजीव शर्मा, अधिष्ठाता महाविद्यालय प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. विवेक चावला, डॉ. अश्वनी मित्तल, आदि मौजूद रहे।

**दो दिवसीय सम्मेलन**

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा होंगे समापन समारोह में मुख्यातिथि केयू में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्यातिथि अपना उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी। एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा, एचएसएचईसी के चेयरमैन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा भी समापन समारोह को सम्बोधित करेंगे।

## ग्रामीणों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

- पहलगाम आतंकी हमले के दोषी पाक को करारा जवाब दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



अंबाला। जलूबी में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायराना आतंकी हमले के खिलाफ गांव जलूबी के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई और सरकार से आतंक के पोषक पाकिस्तान के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंकवाद हटाओ-देश बचाओ जैसे गगनभेदी नारे लगाकर पाकिस्तान का पुतला आग के हवाले किया। इस अवसर पर लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपने आक्रोश को खुले शब्दों में प्रकट किया। प्रदर्शन में मौजूद सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव जलूबी के सरपंच लेखराज ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों पर हमला है बल्कि हमारे देश की अस्मिता और अखंडता पर भी चोट है।

## कमांडो कॉम्पलेक्स में 7 जवानों की तबीयत बिगड़ी

- उल्टी–दस्त की शिकायत के बाद डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया और इलाज शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नेवल स्थित कमांडो कॉम्पलेक्स में रविवार को जवानों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया और इलाज शुरू किया गया है। अब तक 7 कमांडों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

बाकी जवानों की स्क्रींनिंग कॉम्पलेक्स में ही जारी है। कॉम्पलेक्स के अधिकारियों का कहना है कि तबीयत बिगड़ने के पीछे की वजह बढ़ती गर्मी और खानपान की गड़बड़ी हो सकती है। हालांकि, अभी तक तबीयत बिगड़ने के स्टटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं, सूत्र बताते हैं कि कई जवानों की तबीयत कॉम्पलेक्स का पानी पीने से बिगड़ी। शनिवार दोपहर बाद उन्हें भर्ती किया गया था, जिनमें से कुछ को इलाज के बाद भेज दिया। अब केवल 7 ही लोग उपचाराधीन बचे हैं।

### गर्मी और खानपान को वजह मान रहे अधिकारी

कॉम्पलेक्स के अधिकारी ने बताया कि इस समय गर्मी काफी ज्यादा है। इसके साथ ही खाने-पीने में भी कोई गलती हो सकती है। भविष्य में सावधानी बरतते हुए कमांडों को बनाना शेक न देने का फैसला लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि फिलहाल लगभग सभी जवान ठीक हैं। बता दें कि करनाल में कमांडो की ट्रेनिंग होती है। जो युवा पुलिस में भर्ती होते हैं और जिन युवाओं का कमांडो के लिए सिलेक्शन होता है, उन्हें यहां पर ट्रेन किया जाता है। ये सभी युवा नेवल स्थित कमांडो कॉम्पलेक्स में ही रहते हैं।

**अस्पताल में भर्ती**

7 से 8 जवानों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिन्हें शाम तक छुट्टी मिलने की उम्मीद है। पानी की व्यवस्था पहले से ही दुरुस्त है और जवानों की आरो का पानी ही उपलब्ध करवाया जाता है। उल्टी और दस्त के लक्षण दिखने के बाद तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया था।

## निहंग सिख दो मंदिरों से उठा ले गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब

- विरोध करने पर मंदिरों के अंदर नंगी तलवारें लहराई, श्रद्धालुओं में रोष, पुलिस ने जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। मंदिर से श्री गुरु ग्रंथ साहिबनंगी तलवारें लहराते हुए निहंग सिख।

पानीपत शहर में हरिबाग कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर और सेठी चौक स्थित मंदिर से निहंग सिख नंगी तलवारे लेकर घुसे और यहां पर पूजन के लिए रखी श्री गुरु ग्रंथ साहिब को जबरन उठा ले गए।

मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जब निहंग सिखों का जबरन श्री गुरू ग्रंथ साहिब ले जाने का विरोध किया तो उन्होंने मंदिर में नंगी तलवारें लहराई और श्रद्धालुओं के साथ हाथापाई की। मंदिर परिसर में नंगी तलवारें लहराए जाने की श्रद्धालु घबरा गए।श्रद्धालुओं ने बताया कि निहंग सिख ग्रुप में पूरी तैयारी से आए थे। उन्होंने मंदिर में रखी श्री गुरू ग्रंथ साहिब वहां से लेकर जाने के बारे में कुछ नहीं पूछा और श्री गुरू ग्रंथ साहिब को अपने सिरों पर रख कर मंदिरों से अज्ञात स्थानों पर चले गए। वहीं, दो मंदिरों से श्री गुरू ग्रंथ साहिब को तलवारों के साए में उठा कर ले जाने की घटना से पानीपत प्रशासन में हडकंप मच गया। डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स फोर्स लेकर मंदिरों में गए और पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं वत्स ने दोनों पक्षों को पुलिस स्टेशन बुला कर इस मामले की जांच शुरू की। इधर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी नीरज ने बताया कि पिछले 60 सालों से मंदिर के उपरी परिसर में श्री गुरू ग्रंथ साहिब का पूजन होता है। दोपहर को अचानक निहंग सिखों का एक बड़ा जत्था मंदिर परिसर में आया। निहंग सिखों ने कहा कि मंदिर में हॉल बुकिंग करवाने के लिए आए हैं।

**विरोध पर हाथापाई**

उनका विरोध किया, तो उन्होंने हाथापाई की। जब उनका रास्ता रोकने की कोशिश की गई, तो उन्होंने तलवारें निकाल ली और वे तलवारें लहराते हुए श्री गुरू ग्रंथ साहिब को जबरन मंदिर से ले गए। इधर, डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि दो मंदिरों से श्री गुरू ग्रंथ साहिब ले जाने के मामले की जांच की जा रही है।

## शिक्षा शिकायत आयोग का गठन करे सरकार

- प्ले वे स्कूल भी वसूल रहे हैं मनमाफिक फीस : बिड़लान
- आरपीआई के प्रवक्ता ने केंद्रीय मंत्री आठवले से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लीगल हेड एडवोकेट अरुण बिड़लान ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले से मुलाकात की।

शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान एडवोकेट बिड़लान ने मंत्री से कहा कि देश में एक स्वतंत्र शिक्षा शिकायत आयोग का गठन किया जाए। जहां निजी स्कूलों द्वारा ली जा रही फीस और किताबों के दामों पर निगरानी रखी जा सके। प्रत्येक कक्षा के लिए किताबों का मूल्य सरकार द्वारा अधिकृत रूप से तय होना चाहिए ताकि अभिभावकों पर इसका अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। एडवोकेट बिड़लान ने विशेष तौर पर क्षेत्र में चल रहे प्ले स्कूलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि दोसडक़ा में स्थित एक प्ले स्कूल में नर्सरी के बच्चों की दाखिला फीस 8 हजार रुपये वसूली जा रही है। यह नियमों के स्पष्ट उल्लंघन का मामला है।

### गांव नाचरोन में राजकीय सम्मान के साथ हवलदार रविन्द्र राणा का अंतिम संस्कार

## राजपूत-10 बटालियन के हवलदार का बीमारी के चलते निधन

- कश्मीर के डोडा में कुछ वर्षों से तैनात थे हवलदार राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर





यमुनानगर। गांव नाचरोन निवासी मृतक हवलदार रविंद्र राणा के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि भेंट करते सेना के अधिकारी तथा इनसेट में रविंद्र राणा का फाइल फोटो। मृतक हवलदार रविंद्र सिंह राणा के शव को सलामी देते सेना के जवान। *फोटो : हरिभूमि*

राजपूत 10-आरआर बटालियन के हवलदार रविंद्र सिंह राणा निवासी नाचरौन की बीमारी के चलते मौत हो गई। हवलदार रविंद्र सिंह राणा कश्मीर के डोडा में कुछ वर्षो से तैनात थे। जिनका पहले अंबाला, पंचकूला व दिल्ली के सैनिक अस्पताल में लगभग सवा 2 महीने से इलाज चल रहा था।

इस दौरान गंभीर इंफैक्शन के चलते उनका सैनिक अस्पताल दिल्ली में निधन हो गया। रविवार की दोपहर को उनका पार्थिव शव गांव नाचरौन लाया गया। इससे पूर्व उनका शव जब शहर में त्रिवेणी चौक पर पहुंचा, तो क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने वीर सैनिक हवलदार रविंद्र सिंह राणा को नम आंखों से श्रद्धांजलि भेंट की। इसके उपरांत उनका गांव नाचरौन में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान अंबाला कैंट से आए लगभग 25 सैनिकों ने उन्हें सलामी देकर नमन किया। अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्र के भारी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। मृतक हवलदार रविंद्र सिंह राणा के ताउ राजपाल सिंह ने बताया कि उनका भतीजा रविंद्र सिंह 2010 में राजपूत रेजिमेंट में भर्ती हुआ था। जो सैनिक के तौर पर डोडा, मेरठ, पुंछ, राजौरी व अन्य स्थानों पर तैनात रहा। कुछ वर्ष पहले उनके भतीजे हवलदार रविंद्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ सैनिक के आवार्ड से सेना द्वारा उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया था। उनके परिवार को गर्व है कि उनके परिवार के सदस्य ने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान की। उनके परिवार के 4 सदस्य पहले ही सेना में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है।


गांव से लगभग 25 युवा सेना में अपनी सेवाएं दे रहे है। रविंद्र राणा सेना में युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण देने का काम करते थे। हवलदार रविंद्र सिंह राणा के पिता तेजपाल सिंह गांव में खेती करते है जो चलने में असमर्थ है। वहीं माता राजकुमारी परिवार की देखभाल करने में अपना सहयोग करती है। उनके भतीजा हवलदार रविंद्र सिंह राणा 2 बच्चों का पिता था। उनकी बड़ी बेटी अनुष्का छठी कक्षा की छात्रा है जबकि 7 वर्षीय बेटा भानुप्रताप चौथी कक्षा का छात्र है।

### रोष प्रदर्शन के दौरान शोरूम का शीशा तोड़ने का आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने रोष प्रदर्शन के दौरान शोरूम का शीशा तोड़ने के आरोपी को काबू किया है। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले को लेकर जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न संगठनों द्वारा 26 अप्रैल को रोष प्रदर्शन करने का आह्वान किया था।

26 अप्रैल को शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा कुरुक्षेत्र शहर में रोष प्रदर्शन जुलूस निकाला गया था। जब यह जुलूस सैक्टर-17 मार्किट पहुंचा तो किसी शरारती तत्त्व ने एक शोरूम के कांच के दरवाजे को तोड़ दिया। शोरूम मालिक की शिकायत पर कृष्णा गेट पुलिस द्वारा एक्शन लिए गया। थाना कृष्णा गेट के अंतर्गत सुभाष मंडी चौंकी प्रभारी पीएसआई मलकीत सिंह व सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने कारवाई करते हुए कुरुक्षेत्र वासी आरोपी को काबू किया गया।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में गोवर्धन पूजा का किया वर्णन

**कुरुक्षेत्र।** आरके एन्क्लेव, पटियाला बैंक कॉलोनी में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने श्रीगोवर्धन पूजा का वर्णन किया। संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन लीला ज्ञान भक्ति बढ़ानेवाली लीला है। गोवर्धन लीला से इंद्र को और जगत को श्रीकृष्ण के स्वरूप का और सामर्थ्य का ज्ञान हुआ।

### अब तक 5,40,829 एमटी गेहूं की खरीद

**थानेसर।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 40 हजार 829 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 69 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 15 हजार 899 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 1 लाख 96 हजार 779 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 868 एमटी गेहूं खरीदा गया।



### सीनियर सिटीजन संगठन के अध्यक्ष बने चंद्र मोहन

**शाहबाद।** नगर की सामाजिक संस्था सीनियर सिटीजन संगठन की बैठक एक निजी स्कूल में की गई जिसमें सर्वसमिति से चंद्र मोहन कोहली को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। अमरनाथ शर्मा को सचिव की जिम्मेवारी दी गई और अशोक भाटिया को कोषाध्यक्ष के लिए चुना गया। सभी पदाधिकारी को संगठन की ओर से सर्व समिति से चुना गया संगठन के सदस्यों द्वारा पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट किए गए।

### आपसी सौहार्द और शांति बनाएं रखें आमजनः डीसी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना बेहद दुखद एवं दर्दनाक है। उन्होंने समस्त जिलावासियों से अपील की है कि सभी आमजन आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखे। कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी घटना में शामिल न हों, जिससे जिला में कानून व्यवस्था बिगड़े और कोई आपात स्थिति पैदा हो। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम व अन्य किसी सोशल अकाउंट पर किसी तरह का भडकाऊ कंटेट पोस्ट न करें। इसके साथ-साथ इस तरह के किसी कंटेंट को शेयर भी मत करें। पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की भड़काऊ पोस्ट व अन्य गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

### मेहनत और ईमानदारी के कारण गढ़वाली समाज का विशेष स्थान

# वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के आदर्शों के पालन का संकल्प लें : हरविन्द्र

**करनाल के रामलीला भवन में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पेशावर कांड के स्मृति दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आमजन से अपील की है कि वे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के स्मृति दिवस समारोह पर उनके आदर्शों की पालना का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी के कारण गढ़वाली समाज का विशेष स्थान है। इसे भविष्य में भी बनाए रखें।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को गढ़वाल सभा की ओर से करनाल के रामलीला भवन में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पेशावर कांड के स्मृति दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने कहा कि वीर चंद्र सिंह में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। देश की माटी के प्रति उनका अटूट विश्वास था। आज स्मृति दिवस पर वे वीर चंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ-साथ विश्व के अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पहलगाम की घटना ने पूरी मानवता को झझकोर कर रख दिया है। पूरा विश्व घटना की निंदा कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वीर चंद्र सिंह का व्यक्तित्व प्रेरणा देने वाला है। उनके संदेश को जीवन में धारण करने की जरूरत है। आज हर नौजवान को देश के प्रति समर्पण का भाव बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्य समाज के लिए भी अच्छे होने चाहिए। वीर चंद्र सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत का भारत के खिलाफ आदेश मानने से इंकार कर दिया था जिसके कारण न केवल उन्हें पदावनत किया गया बल्कि कठोर सजा भी सुनाई गई। नौकरी छोड़ने की पेशकश भी ठुकरा दी गई। उन्होंने लोगों से राष्ट्र की मजबूती की भी अपील की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मेयर रेणु बाला गुप्ता के अलावा भाजपा उत्तराखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भट्ट रहे।



#### विधानसभा अध्यक्ष ने बंधाया विनय के परिवार को ढांढस

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण आज दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार को ढांढस बंधाने उनके निवास स्थान सेक्टर-7 पहुंचे। उन्होंने ईश्वर से विनय को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर केंद्र व राज्य सरकार बेहद गंभीर है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती, अखंडता अथवा माहौल को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सरकार ठोस कदम उठाएगी।



### केंद्र सरकार ने आतंकवाद के विरुद्ध अपनाया कड़ा रुख : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि गत 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना ने पूरे देश को जख्म दिए हैं। यह घटना दिल दहलाने वाली है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने इस घटना में अपने प्राण गंवाए हैं। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध व आक्रोशित है। करनाल के विनय नरवाल भी इस घटना के शिकार हुए हैं और करनाल में भी इस घटना को लेकर बेहद आक्रोष देखने को मिल रहा है। इस दुख की घड़ी में सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं। विधायक प्रत्येक रविवार की तरह इस बार भी चाय की चर्चा पर आमजन के साथ संवाद कर रहे थे। इस मौके पर उपस्थित सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की।विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि पहलगाम की घटना देश के नागरिकों को कतई मंजूर नहीं है। सरकार भी आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाए हुए है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद पर पाकिस्तान के खिलाफ सख्त निर्णय ले रहे हैं। आगे भी आतंकवाद के खिलाफ इसी प्रकार के निर्णयों की सरकार से अपेक्षा है। पाकिस्तान के लोगों को उनके देश वापिस भेजा जा रहा है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सुनील गुप्ता, दीपक धवन, निशांत शर्मा शानू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व शहरवासी उपस्थित थे।

## विर्क ने हासिल किया प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- करनाल के पांच धावकों ने बेंगलुरु में हुई टी.सी.एस वर्ल्ड मैराथन में लिया हिस्सा
- डा. विर्क को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

करनाल के जाने-माने डॉ. बलबीर सिंह विर्क ने देश में अलग-अलग हिस्सों में हुई चार मैराथन दौड़ पूरी कर प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब हासिल किया है। इस खिताब के लिए एक साल में अलग-अलग स्थानों पर होने वाली चार मैराथन दौड़ को पूरा करना होता है। वहीं पर करनाल के पांच धावकों ने बेगलरू में हुई टी.सी.एस वर्ल्ड मैराथन में हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार करनाल के जाने-माने डॉ. बलबीर सिंह विर्क ने इसी साल में मुम्बई में हुई 42 किलोमीटर, कोलकाता में 25 और दिल्ली में 21 और आज बेंगलुरु में हुई 10 किलोमीटर की दौड़ को पूरा कर लिया। इसके लिए उन्हें प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब के साथ-साथ मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेंगलुरु में हुई 10 किलोमीटर की मैराथन में डॉ. बलबीर सिंह विर्क के अलावा प्रवेश गाबा, अमित गुप्ता, सुमित मान और कर्ण मित्तल ने भाग लिया। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. विर्क की टीम देश भर में होने वाले अलग-अलग मैराथन दौड़ में हिस्सा लेती रहती है। उसके माध्यम से वह फिटनेस का संदेश देते है।

#### बच्चे आउटडोर गेम्स में लें हिस्सा

डॉ. विर्क ने बताया कि खेलों से व्यक्ति स्वस्थ रहने के साथ-साथ व्यक्ति फिट भी रहता है। जब से उन्होंने मैराथन दौड़ में भाग लेना शुरू किया है तब से वह अपने आपको बेहतर और फिट महसूस करते है। वह प्रतिदिन 10 किलोमीटर की दौड़ लगाते है। इसके अलावा वह टेनिस भी खेलते है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बच्चे इंडोर गेम्स की ओर बढ़ रहे है वह खतरनाक भी है, बच्चों को दौड़ में भाग लेना चाहिए। वहीं पर जो बच्चे टीवी और मोबाइल से चिपके रहते है। उन्हें भी अपने आपको फिट और हेल्दी रहने के लिए आउटडोर गेम्स में हिस्सा लेना चाहिए।

#### 100 गरीब कन्या की शादी में किया सहयोग

कुरुक्षेत्र। इंसानियत ट्रस्ट लगातार समाजसेवा के कार्यों में लगी हुई है। इंसानियत ट्रस्ट का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद की मदद की जाए। इसी उद्देश्य पर चलते हुए इंसानियत ट्रस्ट ने 100 से अधिक जरूरतमंद गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग करने का काम किया है। इंसानियत ट्रस्ट ने जिस गरीब कन्या की शादी में सहयोग किया है, उसका परिवार बहुत ही गरीब है। इस गरीब परिवार के पास अपनी बेटी के हाथ पीले करने के लिए जुगाड़ तक नहीं था। ऐसे समय में इस गरीब बेटी के पिता ने इंसानियत ट्रस्ट से अपनी बेटी की शादी में सहयोग की गुहार लगाई।

## ग्रामीणों ने आतंकवाद के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया

- पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर रोष प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। गांव पधाना मे ग्रामीण कैंडल मार्च निकालकर विरोध करते हुए।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों पर हमला करने के खिलाफ आज तरावड़ी के गांव पधाना में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया गया। गांव पधाना में सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कैंडल मार्च धोली चौपाल से लेकर बुधराज राणा वाली चौपाल से होते हुए पूरे गांव में निकाला गया। ग्रामीणों ने आतंकवाद के खिलाफ रोष जताते हुए इसे एक निर्दयता एवं कायरता पूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। इस अवसर पर मुकेश राणा, मोहन राणा, विक्रम राणा जिला परिषद मेंबर, श्याम राणा, धूम सिंह राणा, प्रवीण, कुलदीप राणा, विक्रम, राजवीर प्रधान, बॉबी राणा, रामवीर राणा उर्फ लल्लू, धर्म सिंह, लाल सिंह, प्रवीण, नरेश राणा, ओमप्रकाश राणा सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आतकवाद के खिलाफ लोगों ने पुतला फूंका






हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

श्री राम सभा बरसत के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से पहलगांव में हुए आंतकवादी हमले में शहीद हुए मुसाफिरो की याद में आज उन शहीदों को पुष्पांजलि देकर और पाकिस्तान विरोधी नारों के साथ और पाकिस्तान आतंकवादियों का पुतला बनाकर फुका गया, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से गुज उठा.जिसके अंदर सभी वर्गों के लोग इस सभा में सम्मिलित हुए उसमें बरसत एवं आसपास के सभी गांवों से लोग शामिल हुए,वाजिद अली ने कहा कि हमें भाई चारा बनाकर रखना चाहिए, जो काम पहलगांव में किया है उनको सबक सिखाने की जरूरत है.इस आक्रोश रैली में हिंदू और मुस्लिम साथियों ने मिल कर पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए इस आक्रोश रैली में श्रीराम सभा बरसत से संजू चौधरी, डॉक्टर जगमाल, कश्यप मुनेश, रोहित गांधी, सहयोग इंटरनेशनल ट्रस्ट से डॉक्टर संजीव वशिष्ट, कमल सैनी, अनिल सेन,विकास मुंजल, यशपाल मिड्डा,वाजिद अली, तालीम नंबरदार,हाजी इसरार,पवार कुर्बान, मौलवी मुकम्मल हाजी शफीक जिला परिषद मेंबर विनोद कश्यप, धर्मवीर फौजी आदि उपस्थित रहे।

## घर के कचरे से खाद बनाने के सिखाए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा अपनी तिमाही कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें जीरो वेस्ट एट जीरो कोस्ट विषय पर सत्र डॉ. सुभाष गर्ग और साइबर सिक्योरिटी विषय पर सत्र डॉ. रघुवीर तगेजा द्वारा लिए गए। कार्यक्रम का आयोजन अध्याय संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा और सह-संयोजक डॉ. राम निवास के नेतृत्व में हुआ तथा इसमें कुल 96 उत्साही शालिनियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यशाला के पहले सत्र में डॉ. सुभाष गर्ग कुरुक्षेत्र नर्सिंग होम ने शालिनियों को शून्य लागत पर घर के गीले कचरे से जैविक खाद बनाने के व्यावहारिक और आसान तरीके सिखाए। उन्होंने समझाया कि कैसे रसोई और बगीचे से निकलने वाले गीले कचरे का सही तरीके से प्रबंधन कर हम न केवल पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाली खाद भी तैयार कर सकते हैं जो खेती और पौधों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्लास्टिक के कचरे को बोतलों में भरकर सुरक्षित रखने का अनूठा उपाय भी साझा किया।

#### दीपांशु ने खेलों में जीते दो स्वर्ण पदक

शाहबाद। गीता विद्या मंदिर के कक्षा आठवीं के दीपांशु ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंडर 14 में रिले रेस 100 मीटर में स्वर्ण पदक, रेस में 100 मीटर में स्वर्ण पदक व लंबी कूद में सिल्वर पदक लेकर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य निशा गोयल द्वारा दीपांशु को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

## समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती : दिवेशा भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमीन रोड, 7 सी, कुरुक्षेत्र में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रोचारण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य साध्वी सुश्री दिवेशा भारती ने समाज की दशा का वर्णन करते हुए कहा कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती है। जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाए तो उसकी जड़ों को खाद पानी और दवाई से सींचा जाता है ताकि फिर से वह वृक्ष स्वस्थ हो पाए।

## गुरुओं की वाणी और शिक्षाएं सर्व समाज को दिखा रही दिशाः विधानसभा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज हलके के गांव पीपलवाली में गुरुद्वारे का उद्घाटन किया और अरदास की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश और अपने हल्के की सुख समृद्धि और तरक्की के लिए कामना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सिख धर्म के सभी गुरुओं ने समय-समय पर जो शिक्षाएं दी हैं, वह सर्व समाज के लिए आदर्श हैं। हम सभी को उन शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। आज समाज को अपने गुरुओं, अपने संत महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। इससे न केवल हमें एक सही दिशा मिलेगी बल्कि सर्व समाज का भला भी होगा।

इस दौरान गुरुद्वारा में अखंड पाठ का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा की देखरेख का जिम्मा सिंह सभा को दिया गया है। इस मौके पर सिंह सभा के बलकार सिंह, जितेंद्र सिंह, निशान सिंह, कुलवीर सिंह, पहल सिंह, सूबा सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में की शिरकत

## संदीप लोहट का गांव के बूथ पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा






भाजपा मधुबन मण्डल के कालरों शक्ति केंद्र के बूथ नम्बर110 पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से नव नियुक्त मण्डल मीडिया प्रभारी संदीप लोहट ने शिरकत की। जहां बूथ अध्यक्ष तेजबीर सिंह, पूर्व पंच मेमपाल राणा, सर्वेश राणा ,सुभाष,अनिल वाल्मीकि, प्रदीप, राजकुमार पांचाल कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और मन की बात कार्यक्रम को भी देखा। संदीप लोहट ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसा आप सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात में सुना कि पहलगांव में हुए आंतकवाद के विरोध में देश ही नहीं विदेश उनके साथ खड़े हैं इस पर उचित कारवाई की जाएगी।सभी कार्यकर्ताओं ने आतंकवादियों द्वारा मारे गए नागरिकों की आत्मा की शान्ति के लिए मोन भी रखा।गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करते हुए मधुबन मंडल में नई नियुक्ति की है। संदीप लोहट को मधुबन मंडल का दूसरी बार भाजपा मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर संदीप लोहट ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व, जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर,विधायक हरविंद्र कल्याण, मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा तथा स्थानीय संगठन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### गांव आसन कलां के युवक को चाकू मारा

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां निवासी राहुल को करीब दस लोगों ने पहले पीटा और फिर उसके पेट में चाकू मार कर घायल कर दिया। इधर, राहुल की शिकायत पर थर्मल चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि राहुल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### महर्षि कश्यप जयंती का न्योता दिया

**समालखा।** महापुरुषों की जयंती मनाने के लिए एक संत महापुरुष विचार प्रसार योजना भी विशेष तौर पर शुरू की गई है। अब इस योजना में और भी महापुरुषों को जोड़ा गया है। इसी कड़ी में 23 मई को महर्षि कश्यप की जयंती पर लाडवा में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से हजारों लोग पहुंचेंगे और संतो का आशीर्वाद लेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

### गंगोत्री के संतों के लिए राशन भेजा

**पानीपत।** श्री कैलाशी सेवा समिति द्वारा गंगोत्री धाम में ग्रीष्म काल में चार धाम की पदयात्रा करने वाले साधु संतों के लिए गंगोत्री, धराली एवं उत्तरकाशी में 64वें भंडारे का ट्रक राशन सामग्री व दवाइयां लेकर श्री राम चौक से कथा वाचक श्री देवकी नंदन ठाकुर ने रवाना किया। इस अवसर पर श्री गंगा धाम मंदिर संचालक निरंजन पराशर, सुशील सिंगला, पार्षद नवल जिंदल, अशोक गोयल, जेपी शर्मा, नरेश गंगवानी, कप्तान सिंह मडौत्रा, कुलदीप गोयल, लव, पवन गुप्ता, ललित, प्रदीप तायल, सतीश सैनी, सुरेश प्रजापत, सेवाराम सैनी, गोपाल सैनी, संजय धीमान, प्रेम गर्ग, सुरेन्द्र रोहिल्ला, काशी गोयल आदि उपस्थित रहे।

### जनमानस सद्भावना बनाए रखेंः उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया कहा कि पहलगाम में हुए दर्दनाक हादसे के पश्चात जिले में किसी भी तरह की ऐसी घटना ना हो जिससे जिले का नाम शर्मसार हो । जिले में सब कुछ बेहतर है। किसी भी प्रकार की ऐसी सूचना नहीं है जो समाज के लिए घातक हो। पूरा प्रशासन जिले में हर गतिविधि पर बारीकी से निगरानी बरत रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जिले के हर नागरिक को धैर्य का परिचय देना होगा। घृणास्पद व विरोधाभासी भाषण से अपने आप को दूर रखना होगा।

### घर से 14 लाख के जेवर व सवा लाख नगदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ निवासी सतपाल उर्पु बबलू के घर से चोरों ने 26 अप्रैल के तडके चोरों ने घर से छह तोले वजनी दो चेन, पांच अंगूठियां, सवार चार तोले वजनी हाथ के कंगन, चांदी के करीब 1 किलो 200 ग्राम वजनी आभूषण चुरा लिए। वहीं, चोरों ने घर से डेढ़ लाख रुपए कैश भी चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरों की जांच से पता चला कि चोरों मुंह पर नकाब पहने हुए थे और हाथों में ग्लब्स चढाए हुए थे। इधर, सत्यपाल ने बताया कि उनके बेटे से घर का दरवाजा खुला रह गया था। जिसके चलते चोर घर में दाखिल हुए थे। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर थाना सनौली पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। इधर, पुलिस ने सत्यपाल की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि चोरी की इस घटना से सत्यपाल कर करीब पंद्रह लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

### एनसीसी फेस्ट में आईबी कॉलेज के विद्यार्थी छाए

**पानीपत।** आईबी कॉलेज की 35 एनसीसी कैडेट ने जीवीएम गर्ल्स कालेज, सोनीपत में एनसीसी फेस्ट में भाग लिया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में अंजु द्वितीय स्थान, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में कृषिका, अंशुल, विशाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आंचल तृतीय स्थान, कविता पाठ में अंजू तृतीय स्थान, स्कावड ड्रिल टीम ने तृतीय स्थान, फ्रंट रोल रेस में वंदना प्रथम स्थान, गुरमीत द्वितीय स्थान, खड़ी-कूद प्रतियोगिता में तुषार तृतीय स्थान, युगल नृत्य में मनप्रीत व मानसी द्वितीय स्थान, रस्सा-कस्सी में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### तिमाही प्रगति रिपोर्ट अपलोड नहीं करने पर लिया एक्शन

# अंसल सुशांत सिटी पर 70 लाख रुपये जुर्माना ठोका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**



■ अंसल ने एचआरईआरए से माफी के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसे एचआरईआरए ने खारिज कर दिया और अगली सुनवाई होने तक किया गया जुर्माना भरने के आदेश दिए गए हैं

पानीपत की अंसल सुशांत सिटी पर हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (एचआरईआरए) ने अंसल में बनी गैलेक्सी कोर्ट की तिमाही प्रगति रिपोर्ट अपलोड नहीं करने पर एचआरईआरए ने अंसल पर 70 लाख से अधिक रकम का जुर्माना किया है। इधर, अंसल ने एचआरईआरए से माफी के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसे एचआरईआरए ने खारिज कर दिया और अगली सुनवाई होने तक किया गया जुर्माना भरने के आदेश दिए गए है। स्मरणीय है कि अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट गैलेक्सी कोर्ट की तिमाही प्रगति रिपोर्ट अपलोड नहीं करने के लिए दर्ज की गई थी।

प्रमोटर को तीन अगस्त 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। 20 मार्च सन 2023 को प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट दाखिल नहीं करने के लिए प्रतिदिन 1,000 रुपए का जुर्माना लगाया। सुनवाई की अंतिम तिथि 8 जनवरी 2025 तक जुर्माना 64,14,000 हुआ। 3 फरवरी 2025 को प्रमोटर ने जबाव दिया कि उन्होंने वेब पोर्टल पर अपेक्षित क्यूपीआर अपडेट कर दिए हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने का अनुरोध किया है। वहीं, तारीख पर प्रमोटर कंपनी की ओर से कोई भी पेश नहीं हुआ। इसलिए, प्राधिकरण ने एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला किया। प्रमोटर कंपनी के एमडी/निदेशकों में से एक को सुनवाई की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। प्रमोटर ने 31 दिसंबर 2024 तक ऑनलाइन क्यूपीआर दायर किए हैं। चूंकि जून 2022 तक की तिमाही रिपोर्ट 31 जनवरी 2025 को अपलोड की गई है, इसलिए 20 मार्च 2023 से 30 जनवरी 2025 तक कुल जुर्माना 70 लाख 12 हजार बनता है। उक्त जुर्माना माफ करने के लिए प्रमोटर का अनुरोध अस्वीकार हो गया। प्रमोटर को निर्देश दिया गया है कि वह अगली सुनवाई की तारीख से पहले उक्त कुल जुर्माना प्राधिकरण की रजिस्ट्री में जमा करा दे। नहीं तो इसे प्राधिकरण की निष्पादन शाखा के माध्यम से वसूला जाएगा।

---



**पानीपत।** बाबा बागेश्वर से आशीर्वाद लेते हुए डॉ नवीन नैन भालसी व दीप सिहाग सिसाय।

# सिद्ध त्रिशूल लाकर शिव शक्ति केंद्र बनाया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

■ अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद का सातवां चरण शुरू होने वाला है जिसमें पहले छह देशों में सिद्ध त्रिशूल लगाकर शिव शक्ति केन्द्र बनाया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी व राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने भगवान महादेव के अवतार वीर बजरंगबली हनुमान के परम भक्त बाबा बागेश्वर धाम सरकार से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं, डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अब अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद का सातवां चरण शुरू होने वाला है जिसमें पहले छह देशों में सिद्ध त्रिशूल लगाकर शिव शक्ति केन्द्र बनाया जाएगा। जबकि बाबा बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद से जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में दिल्ली के अन्दर विशाल भव्य प्रोग्राम अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि परिषद का प्रयास है कि भारत में अधिक से अधिक संख्या में जनता श्री सनातन संस्कृति से जुड़।

---



**पानीपत।** समालखा में मोदी के मन की बात सुनते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

# भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टीः नरेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा**

समालखा में रविवार को बुथ न.153 पर शक्ति केंद्र प्रमुख रॉकी वर्मा के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का श्रवण समालखा के वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश बैनीवाल, सतवीर सिंह वर्मा, रामभज वर्मा, गोपाल वर्मा रोहित वर्मा, जितेंद्र वर्मा, पदम सोनी, राहुल सोनी, मोनू, कमलेश वर्मा, संगीता वर्मा, रेनू वर्मा, कोमल वर्मा प्रमिला आदि कार्यकर्ता ने किया।

वहीं भाजपा नेता नरेश बैनीवाल ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आंतकी हमले का बदला भारत सरकार जरूरी लेगी। इस अवसर पर आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

---

### विधायक भडाना ने दी शहीद लेफ्टिनेंट विनय को श्रद्धांजलि



समालखा। समालखा के विधायक मनमोहन भडाना ने शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से उनक करनाल स्थित निवास पर मुलाकात की और दुखी परिवार का ढांढ़स बंधाया। इस दौरान भडाना ने कहा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बर्बरतापूर्ण हुए आतंकवादी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट, करनाल के लाल विनय नरवाल की असामयिक मृत्यु से मन अत्यंत भारी है और हृदय पीड़ा से भरा हुआ है। आज उनके घर पहुंचकर विनय के दादाजी चौधरी हवा सिंह तथा अन्य शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान कर ढांढस बंधाया। दुःख की इस घड़ी में लेफ्टिनेंट विनय के परिजन स्वयं को अकेला न समझें, हम सभी उनके साथ हैं। इस कायराना आतंकी हमले की जितनी कड़ी निंदा की जाए उतना कम है। आंतकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

---

# पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया

### भाजपा के नेता नवीन भाटिया की अध्यक्षता में की नारेबाजी

■ हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मौन कैंडल मार्च निकाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**




**पानीपत।** भाजपा नेता नवीन भाटिया के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन करते युवा।

पहलगाम में हुई आतंकी घटना व पाकिस्तान के विरोध में रविवार को भी आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन किया। वहीं पानीपत के मॉडल टाउन के श्री सतनाम धर्म मंदिर के बाहर भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन भाटिया की अध्यक्षता में पाकिस्तानी का झंडा सड़क डाल कर नागरिकों ने पैरों से रौंदा और पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए।

रदर्शन में हिमांशु शर्मा, योगेश शर्मा, विजेय सहगल, चेतन तनेजा, सुमित, भूपेंद्र सिंह, सौरभ, मनजीत, वैभव, राहुल तायल, सागर खुराना, पंकज, कुनाल कपूर, सुनील, आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मौन कैंडल मार्च निकाला।

जिसमें रेलवे स्टेशन पर मोमबत्ती जलाते हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के सचिव वेदपाल, जिला प्रधान शीतल, वीर सिंह, रामनिवास, मोमीन, वर्षा, सतीश गाहल्याण, डा. शीश पाल, सागर आदि ने भाग लिया। वहीं, समालखा में पूर्व सैनिक उत्थान समिति द्वारा पहलगाम में हुई आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का झंडा जलाया।

---

# गढ़ी केसरी ने डीआर को हराया

### गढ़ी केसरी टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 236 रन बनाए

■ गढ़ी केसरी टीम के शशिकांत के नाबाद 102 और हर्ष के 51 रनों का योगदान दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**



**पानीपत।** गुरूकुल दर्पण क्रिकेट के विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा, पानीपत में रविवार को गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गये मैच में गढ़ी केसरी टीम ने डीआर क्रिकेट क्लब को 28 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गढ़ी केसरी टीम ने शशिकांत के नाबाद 102 व हर्ष के 51 रनों की मदद से 20 ओवर में 2 विकेट पर 236 रन बनाए। जिसके जवाब में डीआर क्रिकेट क्लब दीपू के 59 रनों के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 208 रन ही बना सकी, लाला ने 4 व विजय त्यागी ने 2 विकेट लिये। 61 गेंदों में 11 चौके व 4 छक्कों के साथ 102 रन की शानदार शतकीय पारी खेलने वाले शशिकांत को मैन ऑफ द मैच चुना गया, गुरूकुल दर्पण 60 कोचिंग सैंटर के चेयरमैन पवन लठवाल ने शशिकांत को मैन ऑफ द मैच ट्राफी प्रदान की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर दीपक मलिक, सोमबीर, अरूण मलिक, अमित, सुमित,जयबीर आदि मौजूद रहे।

---



### हमले में दिवंगत आत्माओं को दो मिनट मौन रखकरश्रद्धांजलि अर्पित की

**पानीपत।** अंकन साहित्यिक मंच की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन आर्य पीजी कॉलेज के प्रांगण में हुआ। इसकी अध्यक्षता सुभाष भाटिया ने की। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि क्रमशः डॉ. क़मर रइस तथा धर्मेंद्र अरोड़ा 'मुसाफिर' व डॉ. चांद कौर मान रहे। मंच संचालन कमलेश कुमार पालीवाल 'कमल' ने किया। मंच संरक्षक डॉ. ए.पी. जैन ने सभी का आभार प्रकट किया। पहलगाम आतंकवादी हमले में दिवंगत आत्माओं को दो मिनट मौन रखकर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी का प्रारंभ डॉ. ओमबीर जांगड़ा की इस सरस्वती वंदना से हुईः मैया गाऊं तेरी वंदना, मां सरस्वती रख ध्यान मेरा, स्वर्ग की देवी तू संसार में, मिटाती है अज्ञान अंधेरा। इधर, डॉ एपी जैन ने सुनाया कि 'जियो और जीने दो को जितना बिसराओगे, मानवता को उतना ही बिलखता पाओगे। वहीं संगोष्ठी में संदीप शर्मा बांवरा, डॉ. ओमबीर जांगड़ा, नरेश गंभीर, नसीब सभ्रवाल अक्की, चंद्रशेखर आजाद, कार्तिक पूनिया, सारंग देव , सुलेख जैन, अनिल गहलोत ने अपनी कविताएं सुनाई।

---

# भाजपाइयों ने सुनीं पीएम के मन की बात



**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जगह जगह सुना। दक्षिण मंडल के बूथ नंबर 157 पर शक्ति केंद्र अरुण पसरिचा के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को सुनने के लिए भाजपा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन भाटिया, पूर्व पार्षद रवींद्र भाटिया, वार्ड 15 से पार्षद अमित नारंग, सुनीता गोयल, नरेंद्र तकयार, विशाल गोस्वामी, राजपाल सहगल, हिमांशु विरमानी, सन्नी सेठी, कमल गोस्वामी आदि ने सुना।

इधर, पानीपत शहर की महाजन गली के बूथ न. 88 पर निगम पार्षद नवल जिन्दल भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्राण रत्नाकर, राजीव लिडलान, अशोक बत्रा, धर्मेन्द्र शर्मा , जवाहर आर्य, दीपक बंसल, विनोद शर्मा , निखिल सेठी, अनिकेत शर्मा , कृष्णा शर्मा , दीपक भल्ला, मुकेश जैन आदि ने मोदी के मन की बात सुनी। इधर, भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान गजेन्द्र सलूजा ने इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव नौल्था के बुथ संख्या 119 पर लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी।

---

### शांति मंत्र जाप्य अनुष्ठान का भव्य आयोजन

# धर्म रहेगा तभी राष्ट्र रहेगाः माता ससंघ



**पानीपत।** माता ससंघ प्रवचन करते हुए। फोटोः हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

पानीपत के जैन महोल्ला में श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय (छोटा मंदिर) नवीनीकरण महोत्सव में रविवार को द्वितीय दिवस गणिनी आर्यिका 105 आर्षमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में अभिषेक एवं विश्व शांति की कामना हेतू शांति धारा सम्पन्न हुई। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी की स्तुति श्री वर्धमान स्तोत्र के माध्यम भक्ति भाव से की गई साथ ही शांति मंत्र जाप्य अनुष्ठान का भव्य आयोजन हुआ। श्री वर्धमान स्तोत्र आधुनिक समय की एक अद्भुत, अभूतपूर्व एवं विलक्षण कृति है। यह वर्धमान स्तोत्र पाठ भी है, विधान भी है, ज्ञान भी है, पुराण भी है, भगवान की स्तुति भी है, गुणगान भी है, स्वाध्याय भी है। ऐसी अनोखी विशेषताएं इस स्तोत्र में समाहित हैं। वहीं, माताजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र रहेगा तो धर्म रहेगा और धर्म रहेगा तो राष्ट्र रहेगा। उन्होंने कहा कि धर्म मात्र क्रियाएं कर्मकांड नहीं है क्रियाओं के साथ भावों का होना अत्यंत आवश्यक है। भाव के साथ की गई क्रिया ही फलदाई होती हैं। वहीं, दमोह से पधारे प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर अभिषेक जैन का श्री दिगंबर जैन पंचायत के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। डा. अभिषेक जैन के सानिध्य व निर्देशन में ही यह महोत्सव सम्पन्न होने जा रहा है, आज 21000 हजार मंत्रों के जाप का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रधान सुनील जैन, मनोज जैन, कुलदीप जैन, पुनीत जैन, सुरेश जैन, सुशील जैन, दिनेश जैन, रुलिया राम जैन, भूपेंद्र जैन, वीरज जैन, जगदीश जैन, भूपेश जैन, मेहुल जैन एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

---



**पानीपत।** डेरा बाबा जोध सचियार में नए भवन के निर्माण का शुभारंभ करते गणमान्य नागरिक। फोटोः हरिभूमि

# डेरा बाबा जोध सचियार में नए भवन के निर्माण का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत में डेरा बाबा जोध सचियार की इमारत के कार्य का शुभारम्भ हुआ। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान सेवादार की अगुवाई में डेरे के भवन के निर्माण अरदास के साथ महासचिव मदन मोहन भयाना व अन्य सदस्यों ने ईंट रख कर कार्य शुरू किया गया। वहीं, भयाना ने बताया कि बाबाजी के आशीर्वाद व कृपा से डेरे में 19 वातानुकूलित कमरे, सुंदर छत, दीवान हाल की सजावट व साध संगतों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो लिफ्टों का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर जसपाल भयाना, सहसचिव राकेश भयाना, जसपाल भयाना, कमल भयाना, कैशियर वेद बठला, यशपाल ग्रोवर, नरेंद्र लूथरा सुरजीत सिंह भयाना आदि उपस्थित रहे।

---

# यश कुमार को हैड बॉय और अमृता को हैड गर्ल चुना गया



**समालखा।** समालखा। हिमगिरी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह मनाया गया। सत्र 25-26 के लिए यश कुमार रूहल को स्कूल हैड बॉय,अमृता को स्कूल हैड गर्ल,तनीष व ख़ुशी को स्कूल स्पोर्टस कैप्टन चयनित किया गया। दयानन्द सदन से अवनी को कैप्टन, सेजल को वाईस कैप्टन, मयंक व अंजली को स्पोट्र्स कैप्टन व,लवली व तरुण को प्रीफेक्ट, गांधी सदन से आसना को कैप्टन,आयुषी को वाईस कैप्टन,विधि व चिराग को स्पोट्र्स कैप्टन,नैंसी व दिशा क़ो प्रीफेक्ट, टैगोर सदन से अंशिका को कैप्टन, निधिता को वाईस कैप्टन, कार्तिक व धृति को स्पोट्र्स कैप्टन, कुनाल व अदिति को प्रीफेक्ट, विवेकानंद सदन से प्रगति को कैप्टन, नैंसी को वाईस कैप्टन,वंश व शिवानी को स्पोट्र्स कैप्टन, नूतन व इशांत प्रीफेक्ट रहे। एक्टिविटी इंचार्ज पूनम शर्मा ने चयनित सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। प्रिंसिपल प्रमोद राठी ने चुने गए प्रोक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्यों को बधाई दी है। इस अवसर पर स्कूल की मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी,राजबीर राठी रिटायर्ड डिप्टी डीईओ,प्रिंसिपल प्रमोद राठी आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्ग अमूल्य धरोहर, उनके अनुभवों को जीवन में उतारकर आगे बढ़ें युवा

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बुजुर्ग हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। हमारे शहर की अमूल्य धरोहर होते हैं। घर में जो हमारे बुजुर्ग होते हैं वे बड़े कीमती होते हैं। उनसे बड़ी कोई चीज नहीं होती । यह अभिव्यक्ति एसडीएम दर्शन कुमार ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल सेक्टर-7 अंबाला शहर द्वारा सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि कही। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न देकर उनका यहां पर पहुंचने पर भव्य अभिनंदन भी किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने इस मौके पर कहा कि बुजुर्ग हमारे प्रेरणा स्रोत होते हैं। उनके जीवन रूपी अनुभव को अपने जीवन में उतारकर हमें आगे बढ़ना चाहिए।


अंबाला। बुजुर्गों को सम्मानित करते एसडीएम दर्शन कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मेयर शैलजा सचदेवा ने सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया

एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि हमें अपने बच्चों को बुजुर्गों का आदर मान सम्मान बारे प्रेरित करते हुए उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करना चाहिए। एसडीएम ने इस मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल द्वारा सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में किए जा रहें कार्यों की प्रशंसा भी की। संस्थाओं को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने पर उन्हें बहुत खुशी मिली है तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद पाकर वह अपने आप पर गर्व भी महसूस करते हैं। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी झलकती रहे। वे स्वस्थ रहे ऐसी प्रभु से कामना करते हैं। इस मौके पर मेयर शैलजा सचदेवा ने भी उपस्थित सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि कार्यक्रम में आकर उन्हें ऐसा महसूस हुआ है कि वे अपने ही परिवार में बैठे हैं। बुजुर्ग अपने आप में एक संस्था है। अनुभवों का खजाना हैं। हमें इनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, अपनी युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के संघर्ष व कहानी के माध्यम से तथा उनके जीवन रूपी अनुभव को अपने जीवन में उतारकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए। कुछ देर तो बैठों इन बुजुर्गों के पास--सब कुछ हासिल नहीं होगा गूगल के पास। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। हमें उनका मान सम्मान करते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर अपना जीवन जीना चाहिए।

### सामुदायिक भवन में जल्द एसी लगाया जाएगा

मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल की ओर से सामुदायिक भवन में एसी व बैंच लगाने के साथ-साथ सौंदर्यकरण की बात रखी गई। मेयर ने एसो की मांग को स्वीकृत करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन में जल्द ही एसी के साथ-साथ बैंच की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अवसर पर 80 से 85 आयु वर्ग के बुजुर्गों को मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर उनका अभिनंदन भी किया गया। इस मौके पर काउंसिल के प्रधान जीआर शर्मा ने मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि यह संस्था पिछले कई वर्षो से सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। कोरोना काल में संस्था के सदस्यों ने आगे आकर टिफिन बॉक्स की सेवा प्रदान की। साथ-साथ संस्था हर वर्ष नागरिक अस्पताल में दूध व फलों की सेवा मरीजों को देते हैं। इस संस्था में अधिकतर सदस्य सरकारी विभागों से सेवानिवृत कर्मचारी व अधिकारी हैं। मौके पर सचिव एसके मदान, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कौल. एमके स्वामी, फाइनेंस सेक्रेटरी राजेंद्र वशिष्ठ, एडवोकेट संदीप सचदेवा, रेडक्रॉस से मनोज सैनी व संस्था के पदाधिकारीगण के साथ-साथ अजेश्वर जैन, प्रेम चंद, फकीर चंद गुप्ता भी मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### समय पर हो गेहूं का उठानः उपायुक्त अजय

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 233695.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। इन मंडियों में अब तक 46852 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 73.5 प्रतिशत के साथ 171776 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### नकारा कमरों की होगी खुली बोली

**अंबाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसी बाजार में 6 मई को प्रातः: 11 बजे चार नकारा कमरों की खुली बोली की जानी हैं। प्रधानाचार्य रेखा रानी ने बताया कि प्रत्येक बोलीदाता को धरोहर राशि के रूप में 10 हजार रूपए का डीडी/नकद बोली से पूर्व विद्यालय के मुखिया को जमा करवाना होगा। बोलीदाता के हक में बोली छोडने के उपरांत कुल राशि का 25 प्रतिशत मौके पर एवं 75 प्रतिशत 72 घंटे के अंदर जमा करवाना होगा। बोली से संबंधित रिजर्व मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर ही बता दी जाएंगी।

### बच्चों के साथ पत्नी लापता, केस दर्ज

**अंबाला।** एक महिला अपने बच्चों समेत लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने महिला व उसके बच्चों की आसपास के इलाकों में काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अंबाला कैंट के बबलू चौधरी के अनुसार वह बिहार के मधेपुरा जिले का रहने वाला है। वह मजदूरी करता है। जब वह काम पर गया तो उसकी पत्नी सुलेनी देवी व उसके दो बच्चे बिना कुछ बताए घर से चले गए। उसने आसपास के इलाकों में काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

### वार्ड-चार में नगरपालिका ने करवाई फोगिंग


नारायणगढ़। वार्ड में फोगिंग का दृश्य।

**नारायणगढ़।** नगरपालिका द्वारा वार्ड नंबर 4 में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि फॉगिंग के दौरान वार्ड के मुख्य रास्तों, गलियों, नालियों आदि क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया गया। वार्ड सदस्य के प्रतिनिधि प्रवीण धीमान ने कहा कि यह सराहनीय पहल है जिससे वार्ड के नागरिकों को राहत मिलेगी। हम सभी वार्डवासियों से अपील करते हैं कि वे स्वच्छता बनाए रखें और सहयोग करें। नगर पालिका सचिव ने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे।

# 2.80 करोड़ रुपये की ठगी के मामले की जांच पूरी, कंबोडिया से जुड़े तार

- ठगों ने विदेश में बैठकर दंपत्ति को किया था डिजिटल अरेस्ट
- पुलिस ने जांच के दौरान 24 लाख की राशि बरामद की
- कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सात आरोपियों के कब्जे से जब्त

इस मामले में पकड़े गए आरोपी पूछताछ के बाद जेल पहुंच चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। डिजिटल अरेस्ट के मामले में पकड़े गए शातिर ठग पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड बैंक कर्मचारी व उसकी पत्नी को डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में पुलिस की जांच पूरी हो गई है। इस मामले में पकड़े गए आरोपी पूछताछ के बाद जेल पहुंच चुके हैं। जांच के दौरान यह बात भी साफ हो गई कि आरोपियों के तार कंबोडिया से जुड़े हुए थे। शातिर ठग कंबोडिया में बैठकर ही डिजिटल अरेस्ट का पूरा खेल करते थे। इस दौरान अरेस्ट होने वाले लोगों से ये ठग मोटी रकम हड़प लेते थे। बाद में वे इस पैसे को अपने खाते से भारत के अलग - अलग गिरोह के सदस्यों को भेजकर अमेरिकी डॉलर क्रिप्टो करेंसी (यूएसडीटी) में बदलवाकर अपने पास मंगवाते थे। बदले में पैसों को यूएसडीटी में बदलवाने वाले गिरोह को कमीशन मिलती थी। पिछले दिनों ही इस गिरोह का भंडाफोड़ अंबाला साइबर थाने की टीम ने किया था।

- अभी तक कुल सात लोग गिरफ्तार हो चुके
- आरोपी ने कुल 24 आईडी बना रखी थी

### बैंक खातों से मामले के तार यूपी-बिहार से जुड़े


डिजिटल अरेस्ट मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी की कॉल डिटेल खंगाली तो कंबोडिया से तार जुड़ने की बात सामने आई। बैंक खातों के जरिये मामले के तार यूपी व बिहार से जुड़े। इस मामले में टीम ने अब तक बबलू सहित सात आरोपियों को काबू किया है। जांच के दौरान पता चला कि कंबोडिया से करीब 30 लाख रुपये की राशि को बबलू के खाते में डाली गई थी। बाद में बबलू इस पैसे को यूएसडीटी में बदलकर भेजता था। आरोपियों ने अभी तक इन पैसे को यूएसडीटी में कंवर्ट नहीं करवाया था इसलिए साइबर थाना पुलिस 21 लाख 10 हजार रुपये, लैपटॉप, सेंसर डिवाइस, स्कैनर, आई स्कैनर मशीन, स्वाइप मशीन, बॉयोमेट्रिक मशीन, बैंक किट व मोबाइल बरामद कर पाई। बाकी की करीब 1 लाख 90 हजार रुपये की राशि को दूसरे साथियों में बांट दिया था। इस तरह पुलिस ने अभी तक कुल 24 लाख रुपये बरामद किए है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि बबलू के जो अन्य साथी राजीव व श्रवण फर्जी खाते और आईडी तैयार करवाते थे।

### देशभर में 274 शिकायतें मिली

पेमेंट बैंक का कर्मचारी राजीव अपने बिहार के इलाके में जाकर लोगों को अलग-अलग योजनाओं के तहत पैसे दिलवाने की बात बोलकर खाते खुलवाता था। बदले में 500 रुपये से 1 हजार रुपये देता था। इसलिए तरह से आरोपी ने कुल 24 आईडी बना रखी थी। टीम ने जब रिकॉर्ड खंगाला तो उनके खिलाफ देशभर में 274 शिकायतें मिली। यह सभी शिकायतें साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी थी। ठगों ने कंबोडिया से इन पैसों को अलग-अलग 54 गिरोह के खातों में डाला गया था। बबलू के पास केवल 30 लाख रुपये आए थे। इस तरह से बुजुर्ग दंपती द्वारा ठगे गए 2.80 करोड़ की राशि को अन्य 54 अलग-अलग खातों में डाली गई। जो विदेश में बैठे आरोपियों को अमेरिकी डॉलर क्रिप्टो करेंसी (यूएसडीटी) में राशि लौटाएंगे। साइबर पुलिस अब विदेश में बैठे ठग गिरोह तक पहुंचने प्रयास कर रही है।

### अंबाला कैंट में रहता है दंपत्ति

इन शातिर ठगों ने अंबाला कैंट के पालम विहार में रहने वाले बैंक से रिटायर्ड कर्मचारी रामलुभाया व उनकी पत्नी को एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट कर 2.80 करोड़ ठगे थे। इस मामले में पुलिस मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को काबू कर चुकी है। आरोपियों की पहचान बिहार के बलवा गांव के बबलू कुमार, मध्यप्रदेश के अमलाई कालरी के श्रवण कुमार व लाहासुई कैंप के राजीव सिंह के रूप में हुई है। इससे पहले चार सदस्यों को पकड़कर जेल भेजा था। अभी तक कुल सात लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।


नारायणगढ़। साध्वियों से प्रवचन सुनतीं संगत। फोटो : हरिभूमि

# भक्त को गुरु के दिखाए रास्ते पर पड़ता है चलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी हेमसुदा भारती और साध्वी रेनू भारती ने गुरु भक्ति की महिमा को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है वह परम पावन हो जाता है। उसे ज्ञान के मार्ग पर चलते हुए गुरूदेव की आज्ञाओं पर भी चलना पड़ता है। उसे विचार, वैराग्य, और अनुराग के मार्ग पर चलकर आत्मा को परमात्मा की ओर लेकर जाता है।

गुरू अपने शिष्य के भीतर छिपे गुणों का संचार करने के लिए शाम, दाम, दंड भेद हर तरह से उसके अवगुणों पर प्रहार करते हैं। गुरु की भक्ति करने वाले भक्त को गुरु के अनुसार चलना पड़ता है। गुरु उसकी इच्छाएं पूर्ण नहीं करते बल्कि उनकी सभी इच्छाओं को समाप्त कर देते हैं जो सांसारिक बंधन का कारण बनती हैं। गुरू भक्ति एक भक्त की वह सर्वश्रेष्ठ अवस्था है जो तभी प्राप्त हो सकती हैं जब वह अपना अहंकार छोड़कर उस दिव्य सत्ता परमात्मा के साकार स्वरूप के


नारायणगढ़। प्रवचन देतीं साध्वियां।

चरणों में समर्पण करता है। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में भगवान राम अपने बैकुंठ लोक को प्रस्थान करने लगे तो उन्होंने हनुमान को भी साथ चलने को कहा ।

तब हनुमान ने राम से पूछा क्या आप बैकुंठ में होंगे तो भगवान राम ने कहा कि मैं स्वयं भगवान राम के रुप में नहीं रहूंगा लेकिन मैं भगवान महाविष्णु के रूप में वहां रहूंगा। तब हनुमान ने उत्तर दिया मैं ऐसी जगह नहीं जाउंगा जहां भगवान राम नहीं होंगे। मैं आपके नाम का ध्यान करता रहूंगा। अब भी एक रिवाज़ है जहां भगवान राम का नाम भक्ति और श्रद्धा के साथ लिया जाता है उस स्थान पर हनुमान बैठे होंगे। सत्संग के बाद साध संगत को प्रसाद का भी प्रसाद का भी वितरण किया गया।


बराड़ा। कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी शिक्षक।

# अध्यापकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन के विविध पहलुओं से करवाया अवगत

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय क्लासरूम मैनेजमेंट रहा। इस अवसर पर सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन ॠतू मखीजा और शीतल शर्मा ने अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान दोनों विशेषज्ञों ने अध्यापकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन के विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक सुसंगठित कक्षा वातावरण तैयार कर अध्यापन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही अध्यापकों के शिक्षण विधियों का वर्गीकरण करते हुए इस बात पर भी बल दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आने वाले समय में शिक्षण शैली में आवश्यक बदलाव लाने होंगे ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर व्र वाइस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने रिसोर्स पर्सन्स तथा सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया।

# महापुरुषों का अपमान करने वालों के खिलाफ बने कानूनः महेंद्र सिंह तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को यमुनानगर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह राणा ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि सपा के सांसद रामजीलाल सुमन व समाजवादी पार्टी के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा सांगा का अपमान किया गया वह बहुत निंदनीय है। उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्णिया में गत 23 अप्रैल को एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया । जिसमें सभी क्षत्रियों के संगठन एकत्रित हुए। महापंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया कि सरकार महापुरुषों का अपमान करने वालों के खिलाफ कानून बनाए व इसको दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाए।


यमुनानगर। पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस में आयोजित बैठक में लोगों को सालवन में आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करते हुए महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जिससे भविष्य में किसी भी महापुरुष का अपमान करने वाले को जेल की हवा खानी पड़े। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं की हत्या जिस प्रकार धर्म पूछ कर की गई उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। महासभा द्वारा उन सब को श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह राणा ने बताया कि हमें प्रधानमंत्री मोदी पर पूर्णतया विश्वास है कि वह इस पाकिस्तान की कार्यराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब देंगे।

## भारी संख्या में सिरसगढ़ पहुंची संगत

# बराड़ा में संत मनदीप का मनाया जन्मदिन, केक काटकर दी बधाई



**बराड़ा।** श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के उपाध्यक्ष संत मनदीप दास का जन्मदिन हर्षोल्लास एंव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत गुरुघर में पहुंची। गुरु रविदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर संत मनदीप दास को जन्मदिन की बधाई दी। संगत काफी संख्या में केक लेकर पहुंची। सभी केक काटे गए। कार्यक्रम में कीर्तनी एवं रागी जत्थों ने गुरु रविदास की महिमा का बखान किया। संगत को संबोधित करते हुए संत मनदीप दास ने सभी का आभार जताया और कहा कि गुरु रविदास के आशीर्वाद से वह संगत की सेवा कर रहे हैं। संगत से उन्हें स्नेह और आदर मिल रहा है। इस गुरूघर में रहकर वह संत निरंजन दास की रहनुमाई में संगत को गुरु रविदास की वाणी से जोड़ रहे हैं। इस अवसर संत निर्मलदास कपालमोचन, एचएसएससी सदस्य अमर सिंह नंदगढ़, अमित मल, दलीप सिंह, रीटा केसरी, ग्राम सचिव विजयंत नेहरा समेत भारी संख्या में संगत मौजूद रहे।

# गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए एहतियात बरतें

- जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है। हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नागरिकों को जिला प्रशासन तथा


यमुनानगर। अपने कार्यालय में हीट वेव से बचाव की जानकारी देते उपायक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में जारी की गई एडवाइजरी की पालना करने की अपील की है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस,घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड),नींबू पानी व छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोडड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा थोड़ा विश्राम लें। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें।

### अपने जानवरों का हीट वेव से कैसे करें बचाव

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। उन्हें घर के भीतर रखें। पीने के पानी के दो बाउल रखें। ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें। जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे। अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें। जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें। यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं। उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं।

# हिंदू धर्म में गोसेवा करना परम धर्म , जियो गीता परिवार के सदस्यों ने की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

गोसेवा करने से मानवजीवन को सुख-शांति और समृद्धि मिलती है। हर मानव को गोसेवा करने से बेहतर फल की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में गोसेवा करना हमारा परम धर्म माना जाता है। यह बात श्री कृष्ण कृपा एवं जियो गीता परिवार के प्रधान अशोक मेहता ने कही। समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को गोशाला में गउओं की सेवा की।

इस दौरान उपस्थित सदस्यों एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा यह सेवा महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से की जाती है।

वर्तमान में लोग गाय का उपयोग सिर्फ दूध के लिए कर रहे हैं। अगर गाय दूध देना बंद कर देती है तो उसको लावारिस की तरह सड़कों पर छोड़ देते हैं। ऐसा उनको नहीं करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि गाय मे 33 करोड़ देवी देवताओं का निवास है इसलिए समाज के प्रत्येक


जियो गीता परिवार के सदस्य गोशाला में सेवा करते हुए।

व्यक्ति को गाय की सेवा करनी चाहिए। मेहता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय एवं सामर्थ्य के अनुसार गाय की सेवा करनी चाहिए। विशेष बात यह रही कि छोटे छोटे बच्चे भी सेवा में उपस्थित रहे । इस दौरान सचिव सुरेंद्र बिंदल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध सिंघल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मेहता, सदस्य सुभाष राणा, रवि शर्मा, रविंदर शर्मा, विजय अग्रवाल, अनीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।